POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 16.03.2025

1.थाना सेक्टर-58 नोएडा पुलिस द्वारा 01 वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे/निशादेही से चोरी की 02 कार (आर्टिगा व स्विफ्ट डिजायर) बरामद।

कार्यवाही/घटना का विवरण-- थाना **सेक्टर-58 नोएडा** पुलिस द्वारा दिनांक **16.03.2025** को रजत विहार टी प्वांइट से वाहन चोर अभियुक्त योगेन्द्र पुत्र जगदीश नि0 नंगला गुलाल थाना नंगला खंगर जिला फिरोजाबाद को कार आर्टिगा नं0 एचआर 38 एएफ 9713 के साथ **गिरफ्तार** किया है, जो सेक्टर-135, नोएडा में एक कम्पनी में सुपरवाईजर की नौकरी करता था व वाहन चोरी कर उनके नम्बर प्लेट व हुलिया बदलकर कम्पनी में चलाता था तथा निशादेही पर एक स्विफ्ट डिजायर कार को सेक्टर 55 से बरामद किया गया है। इन दोनो गाडियो के सम्बन्ध में थाना सेक्टर-58, नोएडा पर मुकदमा पंजीकृत है। चोरी की गाडी को कम्पनी में चालाने के सम्बन्ध में अग्रिम जांच की जा रही है।

पूछताछ का विवरण -- अभियुक्त योगेन्द्र पुत्र जगदीश ने पूछताछ पर बताया कि वह सेक्टर-135 मे एक कम्पनी में सुपरवाईजर का काम करता है। यह दोनो गाडी मैने चुराकर इनकी नम्बर प्लेट को बदल कर कम्पनी में लगा ली थी। मैने आर्टिगा गाडी को दिनांक 27.02.2025 को थापर गेट के पास से चोरी की थी और इसका जीपीएस लोकेशन ट्रेस न हो जाये इसलिए जीपीएस को निकालकर फेंक दिया था तथा गाडी पकडी ना जाये इस डर से मैने उक्त गाडी पर यह फर्जी न0 एचआर 38 एएफ 9713 की प्लेट लगाई थी तथा गाडी हुलिया चेंज कर दिया था एवं उक्त गाडी पर लगी असली रजि0 नम्बर यूपी 15 ईबी 4151 को निकाल कर फेंक दिया था, तथा दूसरी गाडी स्विफ्ट डिजायर कार यूपी 12 बीटी 2741 को मैने वर्ष 2023 में पानी की टंकी के पास थाना सेक्टर - 58 क्षेत्र से चोरी की थी। जिस पर भी फर्जी नम्बर यूपी 14 एसटी 8075 की प्लेट लगा रखी थी तथा इसका भी हुलिया चैंज कर मैने कम्पनी में लगा रखी थी।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--

योगेन्द्र पुत्र जगदीश नि0 नंगला गुलाल थाना नंगला खंगर जिला फिरोजाबाद।

आपराधिक इतिहास--

1. मु0अ0सं0-111/2025 धारा 303(3), 317(2), 345(3) बीएनएसएस थाना सेक्टर-58, नोएडा
2. मु0अ0सं0-158/2023 धारा 379 भादवि थाना सेक्टर-58, नोएडा

बरामदगी का विवरण--

1. एक अर्टिगा रंग ग्रे रजि0 नं0 यूपी15ईबी-4151 (सम्बन्धित मु0अ0सं0-111/2025 धारा 303(3), 317(2), 345(3) बीएनएसएस थाना सेक्टर-58, नोएडा)
2. स्विफ्ट कार रजि0 नं0 यूपी12बीटी-2741(सम्बन्धित मु0अ0सं0-158/2023 धारा 379, 411, 482 भादवि थाना सेक्टर-58, नोएडा)